संलग्नक-2 (4) (127)

**मेसर्स गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात लिमिटेड, ग्राम—कच्चे, तहसील—भानुप्रतापपुर, जिला—उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) द्वारा क्षमता विस्तार के तहत् आयरन ओर माईनिंग प्रोजेक्ट क्षमता—7.05 लाख टन/वर्ष से बढ़ाकर 14.05 लाख टन/वर्ष, लीज एरिया—106.60 हेक्टेयर से बढ़ाकर 138.96 हेक्टेयर के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई दिनांक 23/12/2013 का कार्यवाही विवरण।**

मेसर्स गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात लिमिटेड, ग्राम—कच्चे, तहसील—भानुप्रतापपुर, जिला—उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) द्वारा क्षमता विस्तार के तहत् आयरन ओर माईनिंग प्रोजेक्ट क्षमता—7.05 लाख टन/वर्ष से बढ़ाकर 14.05 लाख टन/वर्ष, लीज एरिया—106.60 हेक्टेयर से बढ़ाकर 138.96 हेक्टेयर के संबंध में भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 01.12.2009 के प्रावधानानुसार लोकसुनवाई दिनांक 23.12.2013 (23 दिसम्बर 2013) दिन सोमवार, दोपहर 1.00 बजे, स्थान— जनपद पंचायत कार्यालय परिसर, भानुप्रतापपुर, जिला—उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.), में कराई गई। राजपत्र में प्रकाशित प्रावधान के अनुसार सर्वसंबंधितों से मेसर्स गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात लिमिटेड, ग्राम—कच्चे, तहसील—भानुप्रतापपुर, जिला—उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) द्वारा क्षमता विस्तार के तहत् आयरन ओर माईनिंग प्रोजेक्ट क्षमता—7.05 लाख टन/वर्ष से बढ़ाकर 14.05 लाख टन/वर्ष, लीज एरिया—106.60 हेक्टेयर से बढ़ाकर 138.96 हेक्टेयर के संबंध में सुझाव अथवा विचार 30 दिवस के अंदर प्रस्तुत किये जाने के लिए सूचना का प्रकाशन राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र हिन्दुस्तान टाईम्स एवं स्थानीय समाचार पत्र दैनिक भास्कर तथा नई दुनिया समाचार के अंक में दिनांक 21.11.2013 को जनसाधारण की जानकारी के प्रयोजनार्थ प्रकाशित कराया गया।

निर्धारित समयावधि में क्षेत्रीय कार्यालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, जगदलपुर के समक्ष कोई भी आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है। लोक सुनवाई के दौरान अनेकों हस्ताक्षरयुक्त 25 लिखित आवेदन कम्पनी के क्षमता विस्तार के समर्थन में प्राप्त हुआ।

लोकसुनवाई प्रारंभ करने के पूर्व उपस्थित जन समुदाय को लोकसुनवाई प्रक्रिया की जानकारी दी गई। तत्पश्चात लोकसुनवाई के प्रथम चरण में प्रबंधन के कन्सलटेंट श्री आर.एल. भाटिया द्वारा परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गई। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में कम्पनी द्वारा क्या विकास किया जायेगा एवं परियोजना के तहत् मेसर्स गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात लिमिटेड, ग्राम—कच्चे, तहसील—भानुप्रतापपुर, जिला—उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) द्वारा क्षमता विस्तार के तहत् उत्पन्न होने वाले जल/वायु एवं ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम हेतु प्रस्तावित उपायो की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गई।

लोकसुनवाई के दौरान ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन/विचार/सुझाव के अनुसार उद्योग प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों को अधिक से अधिक रोजगार देने, शिक्षा के लिये अच्छा स्कूल खोले जाने, प्रभावित गांवों में सड़क का निर्माण कार्य कराये जाने, ग्रामीणों को तकनीकी प्रशिक्षण दिये जाने, स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराये जाने के संबंध में पक्ष रखा गया। आयरन ओर उत्खनन कार्य में ग्रामीणों की सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जावे। खदान के उत्खनन से होने वाले जल प्रदूषण हेतु नाली एवं चैक डैंम, जल शुद्धिकरण की व्यवस्था की जावे। जिससे लोगों के खेत प्रभावित न हो। सही दिशा में लोकहित को ध्यान में रखकर कंपनी द्वारा विकास किया जावे। पर्यावरण सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान दिया जावे।

क्रमशः

1. **श्रीमती देववती दर्रो, सरंपच साल्हे**:–मैं गोदावरी माईन्स को कुछ कहना चाहती हूँ। गांव के मजदूर शहर जाते हैं। माईन्स खुलने से उन मजदूरों को गांव में ही काम मिलता है। माईन्स का हम समर्थन करते है।
2. **श्रीमती वंदना हिडको, सरपंच कच्चे** :–आरी डोंगरी माईन्स चल रही है, बहुत सारे मजदूर काम करते हैं। स्कूल शिक्षा का ध्यान दिया जा रहा है। बहुत से मजदूर को काम दिया गया है। माईन्स का हम समर्थन करते है।
3. **श्री रगन सिंह कोर्राम, पंच ग्राम पंचायत भैंसाकन्हार** :–मेरा निवेदन है कि ग्राम प्रचायत भैंसाकन्हार को आश्रित ग्राम में लिया गया है। कोई भी भैंसाकन्हार का मजदूर काम नहीं कर रहा हूँ। जैसा सभी पंचायतों को सुविधा दे रहे हैं वैसा ही हमारे पंचायत को दिया जाये।
4. **श्री मेहतर राम वट्टी, उप सरपंच, ग्राम–भैंसाकन्हार** :–मजदूरी तो सब लोगों को चाहिए लेकिन हमारे भैंसाकन्हार के जमीन में पूरा लोहा भर जाता हैं । हमारे लोग गांव के रहने वाले हैं। हम लोग जंगल को बचाते हैं। जंगल की जो भी लकड़ी नष्ट की जा रही है। उसको लगाना पड़ेगा। सभी प्रकार का लोहा, रेत हमारे खेत में जाता है। हमारे सभी लोगों को दुर्घटना से बचाना चाहिये। सभी का इलाज कराना चाहिए एवं शिक्षा के साथ वृक्षारोपण का कार्य कराया जाना चाहिए।
5. **श्री मेहर सिंह कोर्राम, भैंसा कन्हार कृषक भानुप्रतापपुर लेम्पस अध्यक्ष** :–माइन्स के जन सुनवाई शिविर में दो शब्द कहना चाहता हूँ। हम लोग माइन्स के पास रहते है। माइन्स का पूरा पानी हमारे गांव में जाता है। हमारे गांव के लोगों को एक भी आदमी को नौकरी नहीं दिये है। पर्यावरण का नुकसान सबसे ज्यादा हमारे गांव का होगा। जो गंदा पानी और मलवा आए उसका ठीक से उपचार करना चाहिये। हम किसानों का जमीन खराब हो जायेगा तो उसका मुआवजा दिया जाए। कम्पनी द्वारा आज तक कोई पूछने नहीं आया कि इस पंचायत का क्या नुकसान हुआ है।
6. **श्री निर्मल पटेल, कच्चे** :–जितने भी आसपास के लोग हैं सभी को माईन्स के संचालित होने से लोगों को रोजगार दिया गया है। आगे जो लोग बचे हैं उन सभी पंचायतों के लोगों को रोजगार दिया जाए। माइन्स का पूरा समर्थन करता हूँ। शिक्षा का स्तर बहुत खराब है उस पर भी ध्यान दिया जावें।
7. **निशा तिवारी, कच्चे** :–विगत दिनों से कंपनी द्वारा कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेन्टर का संचालन किया जा रहा है। आसपास के सभी गांवों को कम से कम 80 प्रतिशत रोजगार दिया गया है। सभी के लिए बच्चों, महिलाओं के लिए भी कार्य किया गया। ग्रामवासियों को तकनीकी शिक्षा आदि दिया गया है। हमारे ग्रामवासी अगर स्वयं के वाहन क्रय कर कार्य करें तो आर्थिक स्थिति सुधरेगा। हम सभी मजदूर इसका समर्थन करते है।
8. **श्री गौतम उइके, ग्राम साल्हे जनपद सदस्य** :– आज से चार पॉच साल पहले यह क्षेत्र सुदूर क्षेत्र था। कम्पनी द्वारा आसपास के गांवों कि लोगों को रोजगार दिया गया है। मैं चाहूंगा कि और क्षेत्र के लोग बचे हैं उनको भी रोजगार मिले।
9. **श्री नेतराम साहू, ग्राम–परेकोड़ो**:–माइन्स को 32 हेक्टेयर जमीन मिलना चाहिए। हम लोग रायपुर काम के लिये जाते हैं। कम्पनी खुलने से हम सभी लोगों को स्थानीय रोजगार मिल रहा है। हम समर्थन करते है।

क्रमशः

10. **श्री उमराव मंडावी, ग्राम–कच्चे**:–गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड को मैं समर्थन करता हूँ। यहां पर काम किया है। अच्छा किया है।
11. **श्री बिसमल कावड़े ग्राम–कच्चे**:– गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड को जो जमीन मिल रहा है, उसमें हम लोगों को कार्य पर रखा जाये। उस जंगल से जो हर्रा, बेहरा आदि समाप्त हो जायेगा। जंगल हमारे लोगों को रोजगार दिया है। गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड द्वारा जो सुविधा दी जा रही है, वह कम है। परियोजना में आसपास के लोगों को काम मिलना चाहिए। हम समर्थन करते है।
12. **श्री विजय कुमार टांडिया, ग्राम–पर्रेकोड़ो**:– गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड को जो जमीन दी जा रही है हम पूर्ण समर्थन करते है।
13. **श्रीमती जया मानिकपुरी, समिति के सचिव** :–मै चाहती हूँ कि जबसे माइन्स खुली है तब से बहुत सारे लोग बेरोजगार है। उनको भी काम मिले, महिलाओं को भी काम पर लिया जाय। इसके लिए कम्पनी का विस्तार किया जाये।
14. **श्री देवलाल नेताम, ग्राम–टेकाडोडा**:– लगभग गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड 4 वर्ष से संचालित है। उसके पहले हमारे गांव के लोग पलायन करते थे। अब कोई भी पलायन नहीं कर रहा हैं। सभी लोग खुश है समर्थन करते है।
15. **श्रीमती भुवनेश्वरी, ग्राम–पर्रेकोडो**:–मैं गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड को 32 हे. जमीन के लिए समर्थन करती हूँ। आसपास के लोगों को रोजगार दिया जाये।
16. **कु. चम्पा चनाब, ग्राम पर्रेकोड़ो**:– गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड को 32 हे. के लिए समर्थन करते है। हमारे गांव के लोगों को फायदा हुआ है।
17. **श्री धर्मूराम उइके, ग्राम–टेकाडोडा**:– गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड चार साल से चल रहा है। हमारे गांव के लोगों को काम दिया गया है। हम सभी समर्थन करते है।
18. **श्री सघन सिंह, ग्राम–हिरगे**:–आरी डोंगरी माइन्स को 32 हे. जमीन मिलना चाहिए गांव का विकास होना चाहिए।
19. **श्री रोहिदास कोठारी ग्राम–टेकाडोडा**:–माइन्स चालू होने से हम सभी खुश है। दवाई की सुविधा आदि सभी दिया जाता है। समर्थन करते है।
20. **श्री रोशन बनपाल, ग्राम नारायणपुर**:–मार्च 2012 में आवेदन के बाद कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर रखा गया था। वहां के पंचायत का नहीं होने के कारण निकाल दिया गया। अभी तक काम में नहीं लिया गया है। बतायें कि काम में कब तक लेंगे।
21. **श्री महर सिंह, ग्राम–पर्रेकोड़ो**:–कच्चे पर्रेकोडों पचायत में ज्यादा पैसा दिया गया है। हमारा जमीन माइन्स से पूरा खराब हो गया है। हमारे गांव के लोगों को प्रयास करना चाहिए कि गांव का विकास कैसे हो। किसान भाई को एक होकर शासन से मांग करना चाहिए। हम माइन्स का समर्थन करते है।
22. **श्री विजेन्द्र कुमार, ग्राम–पर्रेकोड़ो**:–आरी डोंगरी माइन्स कच्चे द्वारा जो विकास किया गया है। हम सभी लोग समर्थन करते है।
23. **श्री शिवभानु राजपूत, ग्राम–कच्चे**:–विगत साढ़े चार वर्षो से कच्चे माइन्स में कार्यरत हूँ माइन्स के पहले हमारी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। हम सभी वाहन चालकों के तरफ से समर्थन करते है। कोई परेशानी नहीं है।
24. **श्री बिन्झूराम नेताम, ग्राम–कच्चे**:– गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड में कार्यरत हूँ जब कंपनी आई है उसके पास सभी विकास हुआ है। जो लोग बचे हैं उनको भी रोजगार प्राप्त हो।

25. **श्री मेहर सिंह वट्टी, ग्राम–भैंसाकन्हारः**– गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड की तरफ से जनसुनवाई के संबंध में हम विरोध करेंगें भी तो सुनने वाला है नहीं। अगर यहां से नहीं होगा तो वहां से होगा। उस माइन्स से जो लगे 6–10 गांव जो प्रभावित हो सकता है। कच्चे बस्ती का विकास हुआ है लेकिन और पंचायतों का विकास नहीं हुआ है। हम लोगों को मिलकर सोचना है। किसी को भी रोजगार कैसे प्राप्त हो। कम्पनी बताये कि जो लोग काम करते समय मर जाते हैं तो उसके लिए क्या व्यवस्था है? सामूहिक शिक्षा के बारे में क्या व्यवस्था है? क्या भैंसाकन्हार से भाई सभी 4 कि.मी. के दायरे में आते है? माइन्स का प्रदूषण यहां तक भी फैलता है। जो अस्पताल बनी है वहां सूचना लगाना होगा कि यहां पर प्रभावितों का इलाज निःशुल्क किया जाता है। वहां के मैनेजमेंट के विषय में भी सोचना चाहिए हम सभी लोगों को एक पंचायत का नहीं प्रभावित सभी पंचायतों को ध्यान में रखकर विकास कार्य कराया जाये।

26. **श्री राजकुमार दुबे, भानुप्रतापपुरः**– गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड की जनसुनवाई में मेरा समर्थन है। सवाल गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड का मैनेजमेंट में ट्रक के आवाजाही पर नियंत्रण किया जाये। प्रशासन से निवेदन है कि हम लोगों के ट्रक सी.सी. रोड़ से क्यों नहीं आने–जाने देते है। हम लोगों की गाड़ियों को रोक दिया जाता है।

27. **श्री अमोली गावडे, ग्राम–पर्रेकोड़ोः**–आरीडोंगरी माइन्स को हम लोग समर्थन करते है। माइन्स आनी चाहिए।

28. **कु. रामेश्वरी नरेटी, ग्राम–वाइनरः**– गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड को 25 हेक्टयर लीज देने का समर्थन करती हूँ।

29. **श्री मानक दरपट्टी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कांकेरः**–मैं जनसुनवाई का पूरा विरोध कर रहा हूँ। यह क्षेत्र पूरा आदिवासी क्षेत्र जुड़ा हुआ है। यहां का पर्रेकोड़ो, भैंसाकन्हार आदि सभी क्षेत्र के लोग प्रभावित हैं इनके द्वारा कितने लोगों को रोजगार दिया गया है। हमारे जैसे हमारे लोग हैं जो वाहन लगाने के लिए इधर–उधर भटकते हैं बाहर के लोगों की वाहन को लगाया जा रहा है। क्या हम लोग बाहरी हैं?

30. **श्री बिरेश ठाकुर, जनपद अध्यक्ष भानुप्रतापपुरः**– गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड लोक सुनवाई हो रही है। इस लोक सुनवाई के बारे में जनपद पंचायत अध्यक्ष को ही नहीं मालूम है? हमें सूचना नहीं दी गई। पूर्व में जो लोक सुनवाई हुई वह खुले स्थान में की गई थी। माइन्स खुलने के बाद भी यहां के बहुत सारे लोग बेरोजगार है। वहां पर आपके द्वारा कितना वृक्षारोपण किया गया है। फलदार वृक्ष लगाना चाहिए। कच्चे गांव के आसपास में सी.एस.आर. के तहत् क्या कार्य कराया गया? हम चाहते हैं कि यहां के लोगों का सम्पूर्ण विकास हो। हमें सम्पूर्ण जनता की तरफ से बोलना है। कम्पनी यह बताये कि शिक्षा स्वास्थ्य में क्या किया गया? गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड रायल्टी कहां देते है? कहां जमा करते है? पंचायत/जनपद पंचायत में जमा कराना चाहिए। राल्यटी पंचायत/जनपद में भी आना चाहिए। पर्यावरण हेतु फलदार वृक्ष लगाये।

31. **श्री फिरोज खान, भानुप्रतापपुर, दैनिक भास्कर संवादाताः**–सिलतरा एवं ग्राम–कच्चे क्षेत्र मे कहां पर वृक्षारोपण। किया गया? क्या वृक्ष लगाये हैं? सभी की विस्तृत जानकारी देवें। प्रोजेक्टर में जो बता रहे हैं वैसा है कि नहीं? यहां पर गिद्ध हैं, टाईगर हैं गलत बताया जा रहा है। पिछले तीन साल में कितने प्रजाती के पेड़ लगाये गये हैं? आप यहां से उत्खनन कर रहे हैं। उसके एवज में क्या पेड़ लगाये जा रहे है?

32. **मान. विधायक श्री मनोज मंडावी, भानुप्रतापपुर**:–हम इतना कहना चाहते हैं कि हम खदान बंद करने के पक्ष में नहीं है। खदान के क्षेत्र की जनता को हक मिलना चाहिए। यहां के स्थानीय लोगों के वाहन से ही माइन्स में कार्य होना चाहिए, उसके बाद परिवहन संघ की गाड़ी चलानी चाहिए। स्थानीय समिति बना कर वाहन के लिए फायनेंस किया जाये। हमारे क्षेत्र के ग्रामीणों के यहां से लोहा ले जाया जा रहा है तो वहां के लोगों को रोजगार उपलब्ध हो। हम सभी भानुप्रतापपुर क्षेत्र की जनता के सुख–दुःख के सहभागी हैं। बाहरी लोगों के हस्तक्षेप को सहन नहीं किया जावेगा। स्थानीय जन प्रतिनिधि की राय लिया जाना, स्कूल, मंदीर, सड़क आदि बनाने का कार्य प्रबंधन द्वारा किया जाय। इस क्षेत्र से आयरन ओर खोदा जा रहा है तो, कुछ चिन्हित एरिया में समय–समय पर जन कल्याणकारी योजना चलानी चाहिए। भानुप्रतापपुर एरिया जो पिछड़ी एरिया है वहां पर विकास कार्य इनके द्वारा किया जाय। गोदावरी स्टील प्लांट का विरोध नहीं कर रहे है। कम्पनी को भी इस बात का ध्यान देना होगा कि यहां की क्या समस्या है। खासतौर पर प्रभावित लोगों को सुविधा मिले।
33. **श्री हरीश चक्रधारी, उप सरपंच, ग्राम पंचायत चीचगांव**:–पिछले 4 वर्ष से गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड द्वारा खनन का कार्य किया जा रहा है। इनके द्वारा इमारती लकड़ी कटाई कर खनन कार्य किया जा रहा है। उसके बदले वृक्षारोपण कहां किया गया है? जहां–जहां वृक्षारोपण किया जाता है, उनकी सुरक्षा का भी ध्यान दिया जाय। माइन्स के खोदाई से आसपास के खेतों में पानी जाता है। खेत खराब होने से कम्पनी द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता। कच्चे की सड़क में धूल उड़ता है पर्यावरण प्रदूषित होता है। सभी का रोकथाम किया जाये।
34. **श्री एस.एस. श्रीमाली, संयुक्त कलेक्टर सेवानिवृत्त**:–आरीडोंगरी माइन्स को 1980 से जानता हूँ। यहां खोदाई करने के बाद क्षतिपूर्ति हेतु वृक्षारोपण नहीं कराया गया। वृक्षों की कटाई का डबल क्षतिपूर्ति में वृक्षारोपण किया जाये। वर्षा के पानी से लौह कण खेती में चले जाते हैं। जल शुद्धीकरण किया जाये। 75 प्रतिशत मजदूरों एवं 25 प्रतिशत मशीनरी से कार्य लिया जाय। मशीनरी में केवल पोक लैण्ड से कार्य किया जाये, बाकी मजदूरों से कार्य लिया जाए। स्थानीय वाहन मालिकों को कार्य दिया जाये। स्थानीय समिति को 4 प्रतिशत रायल्टी दिया जाये। आंतरिक रोड़ पक्कीकरण किया जाये। कृषक के भूमि हित का संरक्षण किया जाये। आदिवासियों के हित में कार्य किया जाये।
35. **श्री गणेश राम, ग्राम–साल्हे**:–कम्पनी को 32 हेक्टेयर मिला है। आसपास के सभी ग्रामीणों को रोजगार दिया जाय। मशीनरी बंद किया जाये।
36. **श्री निर्मल तेता, ग्राम–कच्चे**:–32 हेक्टेयर लीज में वृक्षों की कटाई होगी उससे डबल वृक्ष लगाया जाय। सड़क से धूल को नियंत्रण किया जाय ताकि दमा जैसे बीमारी से बचा जा सके। पर्यावरण का नुकसान न हो इसका ध्यान दिया जाय।
37. **श्री किशोर साहू, ग्राम–कच्चे**:–मेरी तबीयत खराब होने से कम्पनी द्वारा बहुत सहायता किया गया है। माइन्स का समर्थन करता हूँ।
38. **श्री संतराम भूआर्य, ग्राम–कच्चे**:–हमारे गांव के लगभग 90 प्रतिशत लोग काम में लगे हैं। कच्चे से लेकर माइन्स तक वृक्षारोपण किया गया है। सभी वृक्ष सही सलामत है। साल्हे एवं भैंसाकन्हार के लोगों को रोजगार मिलना चाहिए। जो लोग बचे हैं उन्हें कार्य पर लगाया जाय।
39. **श्री पतीराम सरफे, ग्राम–साल्हे**:–गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात लि. द्वारा पर्यावरण संबंधी काफी काम किया जा रहा है। आसपास के युवा वर्ग को शिक्षित किया जा रहा है। यहां लोगों को शिक्षा में गुणवत्ता में भी ध्यान दिया जाता है। कम्पनी के आने से प्रत्यक्ष एवं

अप्रत्यक्ष रूप से सभी लोगों को लाभ हो रहा है। सभी आसपास के लोग लाभांवित हो रहे है। कम्पनी के आने से यहां का सोच बदला है सभी अच्छे सोच के साथ आगे बढ़ रहे है। हम सब समर्थन करते हैं।

40. **<u>श्री जगन्नाथ उइके ग्राम–साल्हे</u>**:–कच्चे माईन्स द्वारा 4 वर्ष से कार्य कर रहे हैं तो वहीं के लोगों को काम मिल रहा है। आसपास के लोगों को भी काम देना चाहिए। वृक्षारोपण किया जाये।

41. **<u>श्री विमल जायसवाल, ग्राम–कच्चे</u>**:–32 हेक्टेयर जमीन मिलना चाहिए कि नहीं । आसपास के लोगों को यह पता है कि यहां पर शिक्षा एवं स्वास्थ्य की समस्या सबसे बड़ी है। कम्पनी द्वारा रोजगार एवं शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य किया गया है।

42. **<u>श्री शैलेन्द्र सिंह, ग्राम–कच्चे</u>**:–माइन्स खुलने से पहले हमारे गांव में बहुत बेरोजगारी थी। यहां के लोग काम के लिए पलायन करते थे। माइन्स खुलने से गांव वालों को रोजगार प्राप्त हुआ है। वृक्षारोपण किया गया है। माइन्स को 32 हेक्टेयर भूमि दिया जाये।

43. **<u>श्री संतोष कुमार ठाकुर, ग्राम–कच्चे</u>**:–मै बेरोजगार था आज मुझे कार्य मिला है। और लोगों को भी काम मिलेगा।

44. **<u>श्री सुरेन्द्र डोंगरे, दल्ली राजहरा</u>** :– गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात लि. द्वारा इस क्षेत्र की जनता के हित में कार्य किया है। यहां पर्यावरण एवं अन्य क्षेत्र में भी कार्य किया गया है। यहां से जो पलायन करते थे वे यहीं पर कार्य कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य किया गया है। बेरोजगारी की समस्या दूर की जा रही है।

45. **<u>श्री महावीर सिंह राठौर, ग्राम–कोरर, भानुप्रतापपुर</u>** :– पर्यावरण जन सुनवाई में लोगों को विषय से भटक कर बात नहीं करनी चाहिए। गोदावरी पॉवर लि. द्वारा 4 वर्ष पूर्व कार्य प्रारम्भ किया गया था। शासन भी चाहती है कि उद्योग धंधे लगे। लोगों का विकास हो। ग्राम कच्चे के लोगों का विकास हुआ है। खानेपीने के अलावा अन्य विकास भी हुआ है।

46. **<u>श्री चन्द्र मौली मिश्रा, ग्राम–साल्हे</u>**:–लीज मिलने की खुशी है। कम्पनी स्थानीय लोगों के बारे में सोचे। स्थानीय मजदूरों को ही विशेष रूप से ध्यान दें। खनन दायरा बढ़ाते हुए जिस काम के लायक स्थानीय लोग हैं उन्हें भी कार्य दिया जाये।

47. **<u>श्री श्याम शुक्ला, सचिव परिवहन संघ, भानुप्रतापपुर</u>**:– जब से गोदावरी पॉवर इस्पात लि. चालू हुआ है तब से इस क्षेत्र का विकास हुआ है अथवा नहीं। सभी जानते है कि इस क्षेत्र के सभी लोगों का विकास हुआ है। केवल परिवहन संघ के ही 1000 परिवार इस माइन्स के आश्रित है। रोजी–रोटी चल रही है। हम सभी को माईन्स का समर्थन करना चाहिए।

48. **<u>श्री भंवर सिंह, ग्राम पंचायत कच्चे</u>**:–कम्पनी द्वारा कराये जा रहे वृक्षारोपण में इमारती लकड़ी के पौधे लगाये जाये। पेड़ काटने पर अनेक प्रजाति का वृक्ष लगाया जाये। हम समर्थन करते है।

49. **<u>श्री जगन्नाथ साहू, भानुप्रतापपुर</u>**:–माइन्स के आसपास के लोगों को जो सुविधा दी जा रही है, वही सुविधा भानुप्रतापपुर के लोगों को भी दी जाये। यहां की अस्पताल का भी उन्नयन किया जाये।

50. **<u>श्री राजेश तिवारी, अधिवक्ता भानुप्रतापपुर</u>**:–यहां पर उपस्थित लोगों को देखते हुए यह आभास होता है कि यहां के लोगों में जागरूकता आ गई है। सभी लोगों ने अपने–अपने विचार व्यक्त किये यहां पर पर्यावरण सुनवाई हो रही है। इस बात पर चर्चा करना चाहिए। लोक सुनवाई एक प्रक्रिया है। पारदर्शिता लाने के लिए ही लोकसुनवाई की जाती है। कोई शंका, संकोच करने के स्थान पर ही जन सुनवाई में मुद्दे उठाये जा

सकते है। अगर कम्पनी चलेगी तो स्थानीय क्षेत्र के लोगों का विकास होगा। इससे कम्पनी को पर्यावरण स्वीकृति दी जाये।

51. **श्री रघुराज सिंह, भानुप्रतापपुर, परिवहन संघ के उपाध्यक्षः**– हमारे सभी परिवहन संघ के परिवार का रोजी–रोटी इसी कम्पनी के माध्यम से मिल रहा है। कम्पनी को पर्यावरण स्वीकृति मिलनी चाहिए।

52. **श्री भूपेन्द्र सिंह सिद्घू, परिवहन संघ अध्यक्ष, भानुप्रतापपुरः**–खनिज संपदा का उत्पादन गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात लि. द्वारा किया गया है। पर्यावरण के संबंध में भी कम्पनी द्वारा ध्यान दिया गया है। बेरोजगारी के संबंध में बहुत से लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। लगभग 50 कि.मी. दूरी तक के लोग लाभांवित हो रहे है। हमारे परिवहन संघ के माध्यम से लगभग 2000 लोग लाभांवित हो रहे है। कम्पनी को समर्थन देते है। पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त होनी चाहिए।

53. **श्री महेन्द्र जायसवाल, भानुप्रतापपुरः**–कम्पनी के कार्य को विस्तार के लिए जनसुनवाई कम्पनी के बारे में एक पहल है। कम्पनी द्वारा विकास का कार्य किया जा रहा है। हम समर्थन करते है।

54. **श्री राम किशोर मंडावी, ग्राम–साल्हेः**– कच्चे माइन्स के आने से हमे रोजगार मिला है।

55. **श्री उत्तम सिंह चौहान, भानुप्रतापपुरः**– कच्चे माइन्स के लिए अतिरिक्त भूमि आबंटन के लिए हम समर्थन करते हैं। कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ेगा। बड़े–बड़े शहरों में जाते है तो वहां भी परेशानी होती है। माइन्स के आने से गांव के विकास के साथ क्षेत्रों का भी विकास हो रहा है। इस क्षेत्र की जनता को हर घर के एक आदमी को रोजगार प्राप्त होना चाहिए हम सभी लोगों को मिलकर कार्य करने के लिए प्रोत्साहन करना चाहिए।

लोकसुनवाई के दौरान उपस्थित सभी लोगों के मुद्दे, खासतौर पर शिक्षा, वृक्षारोपण खेत खराब होने, सड़क, धूल आदि के बारे में चिन्ता व्यक्त की गयी। उक्त संबंध में कंपनी के प्रतिनिधि श्री एस.के. आचार्य (वाईस प्रेसीडेन्ट माईन्स) द्वारा प्राप्त सुझाव, विचार आदि के संबंध में समाधान कारक उत्तर दिया गया जिसके तहत् कम्पनी द्वारा बताया गया कि आसपास के 3 पंचायत के स्कूलों के लिए 12 शिक्षक दिए गये है, उनका पूरा खर्च कम्पनी द्वारा वहन किया जा रहा है। कम्पनी द्वारा 12वीं कक्षा में प्रथम आने वाले टॉपर 1 छात्र तथा 1 छात्रा को स्कॉलरशीप दी जायेगी एवं पढ़ाई पूर्ण करने पर कम्पनी में रोजगार दिया जाएगा। कम्पनी द्वारा 106.6 हेक्टेयर एरिया में लगभग 45000 वृक्षारोपण किया जाना बताया गया है। 72000 रूपये प्रति हेक्टेयर वृक्षारोपण के लिए वन विभाग में राशि जमा किया गया है। कम्पनी शिक्षा के क्षेत्र में विशेष सहयोग कर रही है। कम्पनी द्वारा 10 कि.मी. के एरिया के बच्चों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। परिवहन के बारे में बैठक कर समस्या का हल निकाल लिया जायेगा।

लोक सुनवाई के दौरान जन सामान्य द्वारा आपत्ति/सुझाव/विचार दर्ज कराया गया, जो कि संलग्न है। लोक सुनवाई में जन सामान्य की उपस्थिति लगभग 650 रही एवं उपस्थिति पत्रक में 300 लोगों ने हस्ताक्षर किया। उपस्थित जन समुदाय द्वारा क्षेत्र का विकास किये जाने, शिक्षा, अस्पताल, सड़क, वृक्षारोपण आदि की शर्त के साथ परियोजना के विस्तार का समर्थन किया गया।

23/12/13 | 23/12/2013
(ए.के. त्रिवेदी)
क्षेत्रीय अधिकारी,
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल
जगदलपुर (छ.ग.)

(एम.एल सिरदार)
अपर कलेक्टर,
जिला– उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)